## सार-समाचार

### ज्योति का कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुरवाटी** । निसं।शहर के गौरव पथ पर वार्ड नंबर 2 में मंगलवार की रात्रि को सांवरिया सेवा संस्थान की ओर से खाटू वाले श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर ज्योति का कार्यक्रम आयोजित हुआ। ज्योति के कार्यक्रम में श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार कर विशाल झांकी सजाई गई। बाबा श्याम को 56 भोग अर्पित किए गए। सांवरिया सेवा संस्थान के सदस्य प्रमोद तंवर व बजरंगलाल मिस्त्री के आचार्यत्व में तथा हरलाल सिंह सैनी व मनीषा सैनी के मुख्य यजमानत्व में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की पूजा अर्चना कर व ज्योत लेकर राष्ट्र एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। भक्तों ने बाबा श्याम के जयकारे लगाए। स्थानीय श्याम भक्त कालूराम सैनी सहित अन्य कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। ज्योति के कार्यक्रम में एडवोकेट मोतीलाल सैनी, भागीरथ मल सैनी, पार्षद महेंद्र तंवर, ताराचंद सैनी, महेश सैनी, भोलाराम सैनी, मनोज सैनी, ओमपाल सिंह तंवर, शैतान सिंह, सुरेश मिस्त्री, ओमप्रकाश सैनी, बीरबल मिस्त्री, मुकेश गिजावरा, शिवपाल सैनी रूपावाला, सुभाष सैनी, मनोज मिस्त्री सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

### बूथों पर तीसरी नजर से हुई मॉनेटरिंग

**झुंझुनूं** ।उप चुनावों को लेकर पुलिस और प्रशासन चुस्त दुरूस्त रही तो साथ ही तीसरी आंख, यानि कि सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी 263 में से 145 मतदान केंद्रों पर नजर रखी गई। आधे से ज्यादा मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग से नजर रखी गई। कंट्रोल रूम में सूचना एवं प्रोद्योगिक विभाग के सहायक निदेशक घनश्याम गोयल अपनी टीम के साथ लगे रहे। घनश्याम गोयल ने बताया कि चार टीमें कंट्रोल रूम में लगाई गई। एक टीम के जिम्मे 40 से 45 मतदान केंद्र रहे। जो मतदान केंद्रों की गतिविधियों को मॉनिटर करते रहे। उन्होंने बताया कि किसी भी मतदान केंद्र पर कोई गड़बड़ी दिखी। तो उसकी तुरंत सैकंडों के हिसाब से जानकारी हासिल की गई। इसके बाद नायब तहसीलदार के नेतृत्व में एक एक्शन टीम भी थी। जो मिनटों में ही कार्रवाई करती रही। हालांकि छुट पुट घटनाओं को छोड़कर कोई बड़ी गड़बड़ी सामने नहीं आई। मतदान शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने बताया कि कैमरे आदि खराब होने पर भी एक टेक्निकल टीम क्विक रेस्पोंस टीम के रूप में अलर्ट मोड पर रही। कुल मिलाकर पुलिस और प्रशासन के साथ तकनीकी माध्यमों से भी मतदान पर पूरी नजर रखी गई।

### मतदाताओं का जताया आभार

**झुंझुनू** ।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रामावतार मीणा ने जिले के मतदाताओं को शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में एवं लोकतंत्र में अपने भागीदारी निभाने पर बधाई दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में जिले के सभी मतदाताओं, नागरिकों, राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों, निर्वाचन ड्यूटी में लगे समस्त प्रशासनिक अधिकारी, नोडल अधिकारी, कार्मिकों, स्वयंसेवी संगठनों, स्काउट गाइड, पुलिस, सुरक्षा बलों, मीडियाकर्मियो को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व का यह महान कार्य सभी के आपसी समन्वय व सहयोग से स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

### विधायक आवास पर की जनसुनवाई

**रतनगढ़**,(निसं )। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने की, विधायक पूसाराम गोदारा ने शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय विधायक आवास पर जनसुनवाई की । विधानसभा क्षेत्र रतनगढ़ के लोग अपनी जनसमस्याएं लेकर विधायक की जनसुनवाई में पहुंचे ।विधायक ने एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनकर जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के बारे में ग्रामीण एवं शहर वासियों ने विधायक को अवगत करवाते हुए समाधान की मांग की , जिसपर विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समस्या समाधान के सख्त निर्देश दिए । जनसुनवाई में पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा, पूर्व शहर ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चाकलान, देहात ब्लॉक अध्यक्ष भानीराम मेघवाल , जगदीश खटीक, टीकूराम दायमा, नरेंद्र दायमा, महेंद्र, डूंगराराम रैगर सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण एवं शहरवासी मौजूद रहे।

### सम्मान समारोह का आयोजन

**सीकर**। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द आरबीएसई स्कूल भढाडर सीकर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमेन सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. विजेन्द्र सिंह ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह में अतिथियों द्वारा प्रतिभा खोज परीक्षा में उच्च रैंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मैधावी छात्रों को गोल्ड मैडल से सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने अपने उद्बोधन में परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए टिप्स दिये। इस अवसर पर प्रबंधन सदस्यों सहित स्टाफ एवं बच्चें उपस्थित रहे।

### विद्यालय में स्मार्ट टीवी किया भेंट

**सादुलपुर**, (निसं)। पीएमश्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक इसहाक अली में अपनी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा की प्रेरणा से विद्यालय परिवार को करीबन चालीस हजार रूपए का एलजी कंपनी का स्मार्ट टीवी भेंट किया है। मीडिया प्रभारी विमलेश चन्द्र ने बताया कि इस स्मार्ट टीवी से ई लर्निंग शिक्षण को प्रभावी एवं रुचिकर बनाने में मदद मिलेगी, साथ ही सिखाया गया ज्ञान भी स्थायी होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्य डॉ. बलौदा एवं उप प्राचार्य अरूणा वशिष्ठ के नेतृत्व में विद्यालय परिवार ने उनका इस नेक कार्य हेतु स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि शिक्षक इसहाक अली इसी विद्यालय से 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हुए हैं।

### ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**सीकर** । भू जल वैज्ञानिक दिनेश कुमार ने बताया कि अटल भू जल योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन सिंचाई प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान बीकानेर द्वारा 19 नवम्बर 2024 को प्रातः10 बजे जिला परिषद सभागार सीकर, 20 नवम्बर 2024 को प्रातः11 बजे पंचायत समिति सभागार अजीतगढ़, 21 नवम्बर 2024 को प्रातः10 बजे पंचायत समिति सभागार पाटन में आयोजित की जायेगी। जिला परिषद सीकर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने निर्देश दिये है कि अटल भू जल योजनान्तर्गत सीकर जिले के समस्त ब्लॉकों के अधिकारी, कर्मचारी, मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

### एम.डी. चोपदार ने डाला वोट

**झुंझुनू** ।राजस्थान मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार ने झुंझुनूं में मतदान किया। मतदान के बाद एमडी चोपदार ने जनता से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा की जनता को बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए।

# 'नगर परिषद व यू.आई.टी. क्षेत्र में बिना अनुमति बने निर्माण कार्यों का सर्वे कर प्रभावी कार्यवाही करें'

- कोचिंग संस्थान मानवाधिकार प्रकरण में गठित दलों की बैठक आयोजित



कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में जिला प्रशासन द्वारा गठित निरीक्षण दलों की बैठक आयोजित ।

**सीकर**, (निसं)। मनवाधिकार आयोग द्वारा कोचिंग संस्थानों के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा गठित निरीक्षण दलों की बैठक आयोजित हुई।

इस दौरान जिला कलेक्टर शर्मा ने निर्देशित किया कि मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों, हॉस्टल्स एवं लाइब्रेरी में बिजली, पानी, स्वच्छता, चिकित्सा व्यवस्था, एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड के आवागमन के लिए पर्याप्त रास्ता सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थानों के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा गठित निरीक्षण दल समय-समय पर कोचिंग एवं हॉस्टल्स में दी जा रही पानी,विद्युत सहित अन्य सुविधाओं का औचक निरीक्षण करें।जिला कलेक्टर शर्मा ने निर्देशित किया कि नगर परिषद एवं यूआईटी अवैध निर्माण कार्यों का सर्वे कर नोटिस जारी करें एवं जरूरत पड़ने पर ऐसे निर्माण कार्यों को सीज करने की प्रभावी कार्यवाहियां करें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद मास्टर प्लान में शैक्षिणक एवं कोचिंग संस्थानों के लिए अलग से जगह निर्धारित करें। उन्होंने हॉस्टल्स में खाने-पीने की वस्तुओं के सैंपल लेकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान एडीएम रतन कुमार, आईपीएस शाहीन सी, एडीएम शहर भावना शर्मा, सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जे.पी गौड़, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, सीकर एसडीएम निखिल कुमार, उद्योग नगर एसएचओ सुरेंद्र देगड़ा सहित निरीक्षण दलों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बैठक 21 को

**सीकर**। अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं सदस्य सचिव जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति सीकर रतन कुमार ने बताया कि जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की मासिक बैठक 21 नवम्बर को प्रातः11.15 बजे सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर सीकर में विडियों कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से आयोजित की जायेगी।

### विधायक का आभार जताया

**रतनगढ़**(निसं)। विधायक पूसाराम गोदारा द्वारा विधायक कोष से रतनगढ़ क्षेत्र के कई गावों में विकास कार्यों के लिए 1करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक गोदारा ने बताया कि आमजन की काफी वर्षों से मांग के अनुसार विधायक कोष से ग्राम बोथियाबास में (श्री भगवान संस्था में एक कमरा मय बरामदा निर्माण कार्य), ग्राम बोथियाबास में (सामुदायिक भवन में एक कमरा मय चार दिवारी निर्माण कार्य जाट समाज), ग्राम रणधीसर नया बास में( सामुदायिक भवन की चार दिवारी निर्माणं कार्य मेघवाल बस्ती ), ग्राम भानीसरिया तेज में (राउमावि में प्रार्थना स्थल पर स्टेज एवं फर्श पर इंटरलॉक निर्माण कार्य), ग्राम भानीसरिया तेज में (राउमावि में प्रार्थना स्थल पर टिन शेड निर्माण कार्य ), ग्राम कनवारी में (सामुदायिक भवन निर्माण कार्य नायकों का मोहल्ला ), ग्राम कुसुमदेसर में ( राउमावि में प्रार्थना स्थल पर इंटरलॉक निर्माण कार्य ) आदि की स्वीकृति दी गई है।

# सरदारशहर-रतनगढ़ तिराहे पर लगे गंदगी के ढ़ेर से आमजन की जान जोखिम में

- आमजन ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर लगाये लापरवाही के आरोप



बायोवेस्ट, कचरा, मृत पशु सहित गन्दे कचरे से अनेक प्रकार की बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई।

**चूरू**,(निसं) । जिला मुख्यालय पर आदर्श विद्या मंदिर के पास सरदारशहर-रतनगढ़ तिराहे पर लगे गंदगी के ढ़ेर से आमजन की जान जोखिम में हैं।

आपको बता दें कि सरदारशहर रोड पर वन विभाग की ओर से करोड़ों की लागत से नगर वन का निर्माण कराया गया है। फिर भी उसके पास से कोई भी व्यक्ति गुजर नहीं सकता। गंदगी का आलम यह है, कि यहां बायोवेस्ट, कचरा, मृत पशु सहित गन्दे कचरे से अनेक प्रकार की बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई। यहां पैदल तो दूर वाहनों से भी निकलना भी खतरे से खाली नहीं है। फिर भी जिला प्रशासन का इस और ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा है। यहां आये दिन जिला कलक्टर, एसडीएम, विधायक, मंत्री सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का आवागमन होता है, फिर भी किसी के कानों की जूं तक नहीं रेंगती है। आपकों बता दें कि यदि यही हालात रहें तो आमजन का जीना दुभर हो जायेगा और किसी बडी अनहोनी से इनकार नहीं किया जायेगा। शहर के मनोज कुमार जांगिड ने बताया कि सरदारशहर रोड़ पर मेरी हैंडीक्राफ्ट की फैक्ट्री है। इस रोड पर कचरा, बायो वेस्ट, मृत पशु और मुर्गी फार्म हाउस वाले भी यहां कचरा डालते हैं। जिससे यहां जंगली कुत्तों का भी आतंक बना रहता है। दो रोज पहले हमारी फैक्ट्री के वर्कर को कुत्तों के झुंड ने घेर लिया और वह मोटरसाइकिल से स्लिप होकर गिर गया जिसके कारण अब वह लहूलुहान स्थिति में है। शाम सात बजे बाद इस रोड से निकलना मुश्किल है। राकेश जांगिड ने बताया कि यहां पास में ही ऐतिहासिक सेठानी का जोहडा है, जिसमें युवा वर्ग व बच्चें खेलने के लिए सुबह-शाम आते थे, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण यहां आवागमन बंद सा पडा है। यहां जो भी गुजरता है, वह अपने नाक को ढ़ककर निकलने की कोशिश करता है।

दिनांक : 12/11/2024

नोटिस अज दफ्तर तैयब हुसैन खान एडवोकेट जिला एवं सैशन न्यायालय परिसर झुन्झुनू अज तरफ जब्बार अली पुत्र यासीन जाति काजी मुसलमान निवासी बैंक ऑफ बडौदा के सामने वार्ड नं. 16 सुलताना तहसील चिड़ावा जिला झुन्झुनू ।

-बनाम-

1. शकीला बानो पत्नी उम्मेद काजी निवासी सुलताना हाल निवासी नई बस्ती वार्ड नं. 27 सरदारशहर जिला चूरू।
2. अफसाना पत्नी शाहरूख जाति काजी मुसलमान निवासी पपुरना तहसील खेतड़ी जिला नीमकाथना।
3. हर खास व आम।

**सूचना हर आम व खास**

महोदय,

मेरे मुवक्किल जब्बार अली पुत्र यासीन जाति काजी मुसलमान निवासी बैंक ऑफ बडौदा के सामने वार्ड नं. 16 सुलताना तहसील चिड़ावा जिला झुन्झुनू की हस्बो हिदायतानुसार आपको निम्नलिखित प्रकार से सूचित किया जाता है कि - यह कि आप शकीला बानो व अफसाना व हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरा मुवक्किल जब्बार अली ग्राम सुलताना का निवासी है जिसकी उम्र 55 साल हो चुकी है उक्त जब्बार के दो पुत्री संतान शकीला बानो व अफसाना पैदा हुई जिनकी शादी मेरे मुवक्किल ने बालिग होने पर शकीला बानो की शादी पत्नी उम्मेद निवासी सुलताना के साथ तथा अफसाना की शादी शाहरूख निवासी पपुरना के साथ कर दी थी मेरे मुवक्किल की दोनो पुत्रिया वर्तमान में अपने-अपने ससुराल रहती आ रही है मेरे मुवक्किल की सम्पति ग्राम सुलताना में स्थित है जिसमें मेरे मुवक्किल ने अपनी कमाई से मकान आदि बनाकर रिहायश करता चला आ रहा है उक्त सम्पति में किसी भी दीगर व्यक्ति का कोई सिर सांझा नही है, ना ही किसी को उपहार आदि की हुई है। मेरा मुवक्किल वर्तमान में गम्भीर बीमारी से जुझ रहा है जिसके ईलाज पर लाखो रूपये खर्च हो रहे है और मेरे मुवक्किल की सार-सम्भाल करने वाला भी कोई नही है आप शकीला बानो व अफसाना को भी मेरे मुवक्किल ने ईलाज हेतु तथा सार-सम्भाल करने हेतु कहा लेकिन अपने मेरे मुवक्किल की कोई सार-सम्भाल नही की ना ही मेरे मुवक्किल के ईलाज हेतु पैसे ही खर्च किये आपने मेरे मुवक्किल को बेसहारा छोड़ रखा है मेरे मुवक्किल की कोई खोज खबर नही लेते है तथा मेरे मुवक्किल कहने में नही है तथा आये दिन मेरे मुवक्किल के साथ गाली गलोच व अभद्र व्यवहार करती है तथा धमकी देती है कि जबरदस्ती तुम्हारी सम्पति छिनेगे तथा तुम्हे बेदखल करेंगे। इसलिए मेरा मुवक्किल आप दोनो पुत्रियो के व्यवहार व क्रियाकलाप को देखते हुए आप दोनो पुत्रियों शकीला बानो व अफसाना को अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल करता है तथा हर आम व खास को सूचित करता है कि यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति मेरे मुवक्किल की पुत्रीयों से किसी प्रकार का व्यवहार व लेन-देन करेगा तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

दिनांक : 12.11.2024 भवदीय

तैयब हुसैन खान एडवोकेट, झुन्झुनू

# हजारों युवाओं को मिलेगी नियुक्तियां, नई भर्तियों की सौगात

- सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर लगभग 25 हजार युवाओं को मिलेंगी नियुक्तियां
- 51 हजार से अधिक पदों पर निकलेगी भर्ती
- तीसरे मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में हजारों युवाओं को
- नियुक्ति पत्र देने की तैयारी

**सीकर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य सरकार का एक साल पूरा होने से पहले करीब 25 हजार युवाओं को नियुक्तियां देने और 51 हजार से अधिक नई भर्तियों की सौगात देने जा रहे हैं। युवाओं के रोजगार के सपने को पूरा करने में ये नियुक्तियां एवं विज्ञिप्तियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और 'सुराज संकल्प' की दिशा में अहम कदम साबित होंगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हाल ही में समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी विभागों को जारी भर्ती प्रक्रियाएं समय पर पूरी कर युवाओं को शीघ्र नियुक्तियां देने एवं नई भर्तियां निकालने पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दे चुके हैं। इसके बाद अब राज्य सरकार पहली वर्षगांठ के मौके पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के दौरान 7 विभागों के लगभग 25 हजार युवाओं को नियुक्तियां दिए जाने की तैयारी कर रही है। राज्य सरकार 48 हजार 593 चतुर्थ श्रेणी एवं समकक्ष पदों तथा 3 हजार 170 वाहन चालकों की भर्ती प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू करने जा रही है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न विभागों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और वाहन चालकों के लम्बे समय से रिक्त चले आ रहे पदों को भरने के लिए राज्य सरकार ने हाल ही इनसे जुड़े सेवा नियमों और भर्ती प्रक्रिया में जरूरी बदलाव किए थे।

राज्य सरकार की युवाओं को निरंतर रोजगार उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के क्रम में तीसरे मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नर्सिंग अफिसर, चिकित्सा अधिकारी (दंत चिकित्सक), हस्पिटल केयर टेकर, अध्यापक लेवल एक एवं दो, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक, आयुर्वेद विभाग में कनिष्ठ कम्पाउंडर व नर्स, आयोजना विभाग में संगणक, कृषि विभाग में कृषि पर्यवेक्षक और संस्कृत शिक्षा विभाग में वरिष्ठ अध्यापक के पदों पर सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा, सफाई कर्मियों के पदों पर नियुक्तियां दी जाएंगी। उल्लेखनीय है कि विगत दो रोजगार उत्सवों में 28 हजार 200 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं।

स्थायी पदों के अतिरिक्त एनएचएम के 21 काडर के विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती की जाएगी, जिसके लिए अभ्यर्थना राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को भिजवाई जा रही है। अब तक एनएचएम में 3 काडर की भर्ती परीक्षाएं बोर्ड द्वारा कराई जा चुकी हैं। इनमें से जीएनएम को दिसम्बर माह में नियुक्ति दे दी जाएगी। इसके अतिरिक्त कम्युनिटी हेल्थ अफिसर और एएनएम के पदों के लिए सफल अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन का कार्य चल रहा है।

# 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' कार्यक्रम 15 को

**सादुलपुर**। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में 15 नवंबर को जिले के राजगढ ब्लॉक मुख्यालय पर भारत सरकार के 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बुधवार शाम छः बजे जारी प्रेस नोट में मिली जानकारी के अनुसार जिला कलक्टर ने आदेश जारी कर जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए हैं।

सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि पंचायती राज मंत्रालय तथा प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के निर्देशानुसार आदिवासी नेता, भारतीय स्वतंत्रता सेनानी व महान व्यक्तित्व बिरसा मुंडा की 150 की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' अंतर्गत 15 नवंबर को सम्पूर्ण देश में राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि संबंधित ग्राम पंचायत में 15 नवंबर को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान में जिले के राजगढ पंचायत समिति के 19 गांव सम्मिलित किए गए हैं। इन गांवों में 15 नवंबर से 26 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। कोचर ने बताया कि अभियान अंतर्गत जिले के राजगढ ब्लॉक की लीलकी ग्राम पंचायत के लीलकी, ढंढाल लेखू ग्राम पंचायत के किशनपुरा, गुलपुरा ग्राम पंचायत के लुटाना सदासुख, लंबोर बडी ग्राम पंचायत के लंबोर बडी, हरपालू कुबडी ग्राम पंचायत के लंबोर छिंपीयान, डोकवा ग्राम पंचायत के डोकवा, सांखू ग्राम पंचायत के सांखू, हरपालू कुशाला ग्राम पंचायत के हरपालू सांवल, गुगलवा ग्राम पंचायत के किरतान, रामपुरा ग्राम पंचायत के रामपुरा, नीमां ग्राम पंचायत के नीमां, नावां ग्राम पंचायत के बास किरतान, जसवंतपुरा ग्राम पंचायत के जणाऊ मीठी, सांखण ताल ग्राम पंचायत के नया बास व सांखण ताल, सुलखनिया छोटा ग्राम पंचायत के सुलखनिया बडा, थिरपाली बडी ग्राम पंचायत के थिरपाली बडी व थिरपाली छोटी, नूहंद ग्राम पंचायत के नूहंद गांव को सम्मिलित किया गया है।

दिनांक :- 12.11.2024

**नोटिस अज दफ्तर तैयब हुसैन खान एडवोकेट जिला एवं सैशन न्यायालय परिसर झुंझुनूं अज तरफ जब्बार अली पुत्र यासीन जाति काजी मुसलमान निवासी बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने वार्ड नं. 16 सुलताना तहसील चिड़ावा, जिला झुंझुनूं**

**बनाम**

1. शकीला बानो पत्नी उम्मेद काजी निवासी सुलताना हाल निवासी नई बस्ती वार्ड नं. 27 सरदारशहर जिला चूरू, 2. अफसाना पत्नी शाहरूख जाति काजी मुसलमान निवासी पपुरना तहसील खेतड़ी जिला नीमकाथाना, 3. हर खास व आम

**सूचना हर आम व खास**

मेरे मुवक्किल जब्बार अली पुत्र यासीन जाति काजी मुसलमान निवासी बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने वार्ड नं. 16 सुलताना तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं की हस्बो हिदायतानुसार आपको निम्नलिखित प्रकार से सूचित किया जाता है कि आप शकीला बानो व अफसाना व हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरा मुवक्किल जब्बार अली ग्राम सुलताना का निवासी है। जिसकी उम्र 55 साल हो चुकी है। उक्त जब्बार के दो पुत्री संतान शकीला बानो व अफसाना पैदा हुई। जिनकी शादी मेरे मुवक्किल ने बालिग होने पर शकीला बानो की शादी पत्नी उम्मेद निवासी सुलताना के साथ तथा अफसाना की शादी शाहरूख निवासी पपुरना के साथ कर दी थी। मेरे मुवक्किल की दोनों पुत्रिया वर्तमान में अपने-अपने ससुराल में रहती आ रही है। मेरे मुवक्किल की सम्पति ग्राम सुलताना में स्थित है, जिसमें मेरे मुवक्किल ने अपनी कमाई से मकान आदि बनाकर रिहायश करता चला आ रहा है। उक्त सम्पति में किसी भी दीगर व्यक्ति का कोई सिर सांझा नहीं है, ना ही किसी को उपहार आदि की हुई है। मेरा मुवक्किल वर्तमान में गंभीर बीमारी से जुझ रहा है, जिसके ईलाज पर लाखों रूपये खर्च हो रहे है और मेरे मुवक्किल की सार-संभाल करने वाला भी कोई नहीं है। आप शकीला बानो व अफसाना को भी मेरे मुवक्किल ने ईलाज हेतु तथा सार-संभाल करने हेतु कहा, लेकिन आपने मेरे मुवक्किल की कोई सार-संभाल नहीं की, ना ही मेरे मुवक्किल के ईलाज हेतु पैसे ही खर्च किये। आपने मेरे मुवक्किल को बेसहारा छोड़ रखा है। मेरे मुवक्किल की कोई खोज-खबर नहीं लेते है तथा मेरे मुवक्किल के कहने में नहीं है तथा आये दिन मेरे मुवक्किल के साथ गाली-गलोच व अभद्र व्यवहार करती है तथा धमकी देती है कि जबरदस्ती तुम्हारी सम्पति छिनेंगे तथा तुम्हे बेदखल करेंगे। इसलिए मेरा मुक्किल आप दोनों पुत्रियों के व्यवहार व क्रियाकलाप को देखते हुए आप दोनों पुत्रियों शकीला बानो व अफसाना को अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल करता है तथा हर आम व खास को सूचित करता है कि यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति मेरे मुवक्किल की पुत्रियों से किसी प्रकार का व्यवहार व लेन-देन करेगा, तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**दिनांक 12.11.2024**

भवदीय

तैयब हुसैन खान, एडवोकेट, झुंझुनूं

# उप राष्ट्रपति धनखड़ के छोटे भाई पहुंचे वोट देने

**सुलताना** । देश के महामहिम उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई व आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन रणदीप धनखड़ झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव के मतदान में हिस्सा लेने के लिए जयपुर से किठाना गांव पहुंचे। उन्होंने किठाना गांव में स्थित मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा उन्होंने अपने निवास पर ग्रामीणों से गांव को लेकर चर्चा की। आपको बता दें कि पंच से लेकर सांसद तक, हर चुनाव में रणदीप धनखड़ वोट देने के लिए अपने गांव किठाना आते है।

# गणेश मंदिर में पूजा अर्चना के बाद भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू ने किया मतदान

**झुंझुनूं**। झुंझुनूं विधानसभा उप चुनावों को लेकर बुधवार को मतदान हुआ। भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू ने अपने मतदान केंद्र बगड़ रोड स्थित जांगिड़ मंगल भवन में पहुंचकर सबसे पहले मतदान किया। भांबू द्वारा अपने मतदान केंद्र पर सबसे पहले मतदान करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर वाला प्रशस्ति पत्र दिया गया। वहीं सबसे पहले मतदान करने पर उन्होंने एक जागरूक मतदाता के तौर पर बूथ पर पौधा भी लगाया। इस मौके पर भांबू ने कहा कि ना केवल भाजपा कार्यकर्ता, बल्कि पूरे विधानसभा के मतदाताओं में खुशनुमा और उत्साह का माहौल है। आज झुंझुनूं के लोग वंशवाद के खिलाफ और राजनैतिक स्वतंत्रता के लिए मतदान किया है। ईवीएम के जरिए वंशवाद को जवाब झुंझुनूं की जनता ने दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा झुंझुनूं के लोगों के साथ 23 नवंबर को एक और दिवाली मनाने को तैयार है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए हर बूथ पर लगे रहे। 23 नवंबर को परिणाम भाजपा के पक्ष में होगा। इससे पहले भांबू बगड़ रोड स्थित श्री गणेश मंदिर पहुंचे।

**आम-सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री संजीव कुमार पुत्र स्व. श्री आर. के. वार्ष्णेय, निवासी-7, मित्र कॉलोनी, खातीपुरा, जयपुर के स्वामित्व एवं आधिपत्य के भूखण्ड संख्या-346, योजना विस्तार ऑफिसर्स कैम्पस, जयपुर (कुल क्षेत्रफल 202.58 वर्गगज) को श्री उमादत्त शर्मा पुत्र स्व. श्री चिरंजीलाल शर्मा, निवासी-8, मित्र कॉलोनी, खातीपुरा, जयपुर को विक्रय किया जाना तय किया है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को उज, ऐतराज हो तो 15 दिवस के अन्दर मेरे अभिभाष्य श्री संजीव कुमार अथवा मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। वाद गुजरने उक्त मियाद इस भूखण्ड के संशय में कोई उज्ज/आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी मानी जावेगी

जयपुर (विकासेन्दु पाण्डेय) एडवोकेट

दिनांक:13.11.2024 मो.नं. 9414454525

एस.के.फाइनेंस लिमिटेड
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@sfkin.in

**शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **लोसल शाखा** को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे हैं:-

**पुराना पता**- दुकान नं.-05, पहली मंजिल, सुख सागर प्लाजा, मैन बस स्टैंड, गांव-लोसल, तहस-दांता रामगढ़, जिला-सीकर-332050 (राजस्थान)

**नया पता**- ग्राउंड फ्लोर, सरदार पटेल कॉलेज के पास, धोद रोड, वार्ड नंबर 35, लोसल, जिला सीकर-302025 (राजस्थान)

अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें ।

# सड़क पर रपटा नहीं बनाने से ग्रामीण परेशान

**खिरोड़**। बसावा गांव में हाल ही में पीडब्ल्यूडी की देखरेख में संबंधित ठेकेदार द्वारा मुख्य बस स्टैंड पर बनाई गई सीमेंट सड़क पर खिरोड़ मोड़ पर रपटा नहीं बनाए जाने से वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। बसावा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि खिरोड़ मोड़ पर बनाई गई सीमेंटेड सड़क का लेवल ऊंचा रहने एवं खिरोड़ की तरफ जाने वाली सड़क का लेवल नीचा रहने पर सड़क से नीचे उतरने के लिए रपटा बनाए जाने की आवश्यकता थी। मगर संबंधित ठेकेदार द्वारा रपटा नहीं बनाए जाने से आए दिन वाहन चालकों को परेशानी होने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि रपटा नहीं बनने से रोजाना हादसे हाते रहते है।

# 700 से अधिक स्काउट्स गाइड्स ने सुगम मतदान में सहयोग किया

- स्काउट गाइड ने किया उप चुनाव में उल्लेखनीय योगदान

**झुंझुनूं**। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा के निर्देश की अनुपालना में स्काउट्स गाइड्स ने विधानसभा उप चुनाव झुंझुनूं में सुगम मतदान में उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट सहयोग किया तथा 258 मतदान बूथों पर 516 स्काउट गाइड्स ने सेवा कार्य किया तथा 200 स्काउट गाइड्स ने दिव्यांग मित्र एवं हेला टोली के रूप में कार्य करते हुए मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने में सहयोग किया। सुविधा प्रकोष्ठ के सहायक प्रभारी एवं सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा उप चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर वृद्धजनों, दिव्यांग व्यक्तियों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए स्काउट गाइड्स रोवर्स रेंजर्स ने साइनेज के रूप में निस्वार्थ सेवाएं दी। मतदाताओं को कतार में लगाने, पानी पिलाने, व्यवस्था बनाने, व्हीलचेयर पर मतदान केंद्र तक लाने ले जाने जैसे विभिन्न कार्य किए गए। स्काउट गाइड द्वारा किए जा रहे कार्यों की जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, उपखंड अधिकारी हवाई सिंह, स्वीप प्रभारी विजेंद्र सिंह राठौड़ सहित मीडिया के बंधुओ ने भी भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर सीओ कालावत ने विभिन्न मतदान केंद्रों का विजिट कर स्काउट्स गाइड्स की हौसला अफजाई की एवं स्काउट्स द्वारा की गई निस्वार्थ सेवा के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। स्काउट गाइड्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग सीओ स्काउट महेश कालावत के नेतृत्व में पूर्व सहायक राज्य संगठन आयुक्त मान महेंद्र सिंह भाटी, स्काउट प्रभारी विजय गर्वा, रामदेव सिंह गढ़वाल, दिनेश कुमार, अमरचंद, मोहम्मद जाबिर द्वारा की गई।

## कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, चूरू

पत्रांकः-एफ/रापाचू/लेखा/2024-25/506SP दिनांकः-06.11.2024

**नीलामी (संख्या03/2024-25) सूचना**

राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय चूरू में दिनांक 19.11.24 को प्रातः 11 बजे अनुपयोगी/नाकारा/बेसी सामान की नीलामी की जा रही है। बोलीदाता नियम व शर्तें कार्यालय समय में संस्थान में देख सकते है।

प्रधानाचार्य